**17/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' पर ज़ोर देते हुए लोगों से भारत में बने उत्पादों पर भरोसा करने और उन्हें खरीदने का आग्रह किया। आज नई दिल्ली में लगभग 11 हज़ार करोड़ रुपये की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश को मज़बूत बनाने और इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए चरखाधारी मोहन के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देशवासियों के लिए दोहरा लाभ लेकर आएंगे।

श्री मोदी ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार रोड-2 का उद्घाटन हो जाने से एनसीआर में कनेक्टिविटी के क्षेत्र में काफी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर के लोगों को इससे बहुत लाभ होगा और उनके आवागमन में समय की भी बचत होगी।

0000000000000000000

चुनाव आयोग ने आज कहा कि उसके सामने सभी दल समान हैं क्योंकि वह राजनीतिक दलों के बीच कोई भेदभाव नहीं करता। आज दोपहर नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग बिना किसी भेदभाव के, गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं सहित सभी वर्गों और सभी धर्मों के मतदाताओं के साथ निडरता से खड़ा रहेगा।

00000000000000000000

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर  दो दिन की राजकीय यात्रा पर आज सुबह काठमांडू पहुंचे। उन्होंने आज सिंहदरबार में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की। बाद में, वे राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, सीपीएन (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल और विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा से मुलाकात करेंगे। श्री मिसरी विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों विदेश सचिवों के बीच संपर्क, विकास सहयोग और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। विक्रम मिसरी की यह यात्रा नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की 16 सितंबर को संभावित भारत यात्रा से पहले हो रही है।

00000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को नागालैंड के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। राष्ट्रपति भवन ने कहा है कि नागालैंड के राज्यपाल लक्ष्मी गणेशन के निधन के बाद श्री भल्ला को राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

00000000000000000000

उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश के पहले निजी 2जी इथेनॉल संयंत्र की स्थापना के साथ, स्वच्छ उर्जा की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाने के लिए तैयार है, जिसमें बांस को नवीकरणीय पीडस्टॉक के रुप में इस्तेमाल किया जाएगा।

आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के हरित उर्जा परिवर्तन को गति प्रदान करेगी और साथ ही पूर्वोत्तर में बांस आधारित उद्योगों, स्थायी आजीविका और आर्थिक विकास के नए रास्ते खोलेगी।

0000000000000000000

राज्य के श्रम एवं आई पी आर मंत्री न्यातो दुकुम की अध्यक्षता में दापोरिजो में प्रभावित जनता के साथ एक परामर्श बैठक के दौरान सुबनसिरी अपर हाईड्रो प्रोजेक्ट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए दस सदस्यीय समिति का गठन किया गया। बैठक में, श्री दुकुम ने विधायक तानिया सोकी, रोडे बुई और नाकप नालो के साथ जनता से समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए परियोजना के कार्यान्वयन में अपना समर्थन देने का आग्रह किया। इस बीच एन एच पी सी के महा प्रबंधक दीपक सागर ने कहा कि राज्य सरकार की मांग पर यह जल विद्युत परियोजना शुरु किया गया है। हालांकि, राज्य सरकार यदि परियोजनाओ को रद्द करने का अनुरोध करती है, तो एन एच पी सी परियोजनाओं को रोक देगा।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक ने कुमारी काबक यानो को रुस और यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एक्ब्रस पर चढ़ने की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कुमारी यानो ने इस महीने की सोलह तारीख को रुसी समय के अनुसार सुबह पांच बजकर बीस मिनट पर शिखर पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।

राज्यपाल ने कहा कि उनकी असाधारण उपलब्धि “अरुणाचल की सच्ची भावना” को दर्शाती है और यह विशेष रुप से युवा लड़कियों के लिए, साहस और दृढ़ता के साथ चुनौतियों का सामना करना के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा स्रोत के रुप में काम करेगी। कुमारी काबक राज्यपाल द्वारा हरी झंडी दिखाई गई अपने 7 समिट पर्वतारोहण अभियान पर है।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने गुरुवार को शि-योमी जिले के मेचुका स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पासंग वांगचुक सोना इसरो अंतरिक्ष प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोना ने कहा कि यह प्रयोगशाला उनके दिवंगत पिता पासांग वांगचुक सोना को समर्पित है और इसरो तथा मुस्कान फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित की गई है। इस दौरान, श्री सोना ने मेचुका स्व-डिविजन में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय का भी उद्घाटन किया।

0000000000000000

तेजपुर के एन सी सी समूह मुख्यालय के अंदर 1 अरुणाचल प्रदेश बटालियन एन सी सी द्वारा राजीव गांधी विश्वविद्यालय में अरुणाचल एन सी सी उत्सव मनाया जा रहा है। गत चौदह अगस्त से शुरु हुआ यह उत्सव कल संपन्न होगा। इस पाँच दिवसीय उत्सव में राज्य के विभिन्न संस्थानों के सीनियर डिविजन और सीनियर विंग के 200 से अधिक कैडेट हिस्सा ले रहे है।

0000000000000000

तवांग जिले के मुक्तो निर्वाचन क्षेत्र के सेरजोंग गांव में आज जांग के अतिरिक्त जिला उपायुक्त हकरासो क्री द्वारा मुक्तो फुटसल एरेना का उदघाटन किया गया। इस परियोजना का क्रियान्वयन जल संसाधन विभाग तवांग द्वारा किया गया। इस बीच, टीम ए डी सी और टीम मोगटो विलेज के बीच एक मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया, जिसमें टीम ए डी सी ने 7 - 4 से जीत हासिल की।

0000000000000000000000